प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 31.08.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ के पांच सहित देश के बीस मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी के रोड शो में हुए शामिल–निवेशकों से नीलामी में भागीदारी का किया आह्वान।

2–प्रदेश में अब तक एक सौ तीस मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि–इकतीस मरीजों का चल रहा है इलाज।

3– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में लाइव ट्रेन मॉनिटरिंग सिस्टम का हुआ शुभारंभ।

4– मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेष के उत्तरी भाग में भारी वर्षा होने की दी चेतावनी।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>मिनरल ब्लॉक्स–रोड शो</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ अब केवल खनिज उत्पादन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अन्वेषण से लेकर एडवांस मैन्युफैक्चरिंग और रिसाइक्लिंग तक पूरी मिनरल वैल्यू चेन विकसित की जाएगी। इससे निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री आज नवा रायपुर में क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी की आठवीं किश्त के रोड शो को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लिथियम, ग्रेफाइट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, निकेल और वैनेडियम जैसे खनिज रक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और क्लीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नीलामी की इस किश्त में देश के बीस खनिज ब्लॉक्स शामिल हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ के पांच ब्लॉक्स भी हैं। उन्होंने निवेशकों से नीलामी में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ई–रेत संगवारी पोर्टल और टिन पोर्टल का शुभारंभ किया। ई–रेत संगवारी पोर्टल से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को रियायती दर पर रेत उपलब्ध होगी, जबकि टिन पोर्टल से दंतेवाड़ा के आदिवासी परिवारों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम ने इंडियन ओवरसीज बैंक और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के साथ कौशल विकास और वित्तीय सहयोग के लिए दो महत्वपूर्ण समझौते भी किए।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, कोयला तथा खान राज्य मंत्री सतीष चंद्र दुबे और खान मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी सहित उद्योग जगत के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

**स्वाइन फ्लू–मरीज**

छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू एच वन–एन वन के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक एक सौ तीस मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। इनमें से इकतीस सक्रिय मरीज हैं। जबकि निन्यानवे मरीज इलाज के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक स्वाइन फ्लू से एक भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

राजधानी रायपुर में तीन नए मरीज मिलने के साथ ही जिले में संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर साठ हो गया है। ग्यारह सक्रिय मरीज है। इसके अलावा दुर्ग, रायगढ, बिलासपुर, धमतरी, कोरबा, बेमेतरा और महासमुंद सहित अन्य जिलों में भी सक्रिय मरीज मौजूद हैं।

इस बीच, स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से खुद से दवा न लेने और लक्षण दिखने पर जांच कराने की अपील की है।

## राष्ट्रपति–दीक्षांत समारोह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वस्त्र और परिधान क्षेत्र न केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह लाखों लोगों को रोजगार और आजीविका भी प्रदान करता है। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान–निफ्ट के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों से जुड़े रहते हुए वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि फैशन और वस्त्र प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।

वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के संकल्प में युवाओं से योगदान देने का आह्वान करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनने का प्रयास करना चाहिए और दूसरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने चाहिए।

## मुख्य न्यायाधीश–लोक अदालत

राष्ट्रीय लोक अदालत बारह सितंबर को आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज लोक अदालत की तैयारियों को लेकर वर्चुअल बैठक ली। बैठक में प्रदेश के न्यायिक अधिकारियों को पुराने लंबित सिविल और आपराधिक समझौता योग्य मामलों के निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, परक्राम्य लिखत अधिनियम और मोटर दुर्घटना दावा मामलों को प्राथमिकता देने तथा पक्षकारों के साथ पूर्व बैठक कर समझौते की संभावनाएं तलाशने को कहा।

## लाइव ट्रेन मॉनिटरिंग सिस्टम

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने आज लाइव ट्रेन मॉनिटरिंग सिस्टम का शुभारंभ किया। बिलासपुर मंडल स्थित डिवीज़नल कंट्रोल में स्थापित लाइव ट्रेन मॉनिटरिंग सिस्टम भारतीय रेल में अपनी तरह की पहली पहल है। इस प्रणाली के माध्यम से ट्रेनों की आवाजाही और सिग्नलिंग की स्थिति का वास्तविक समय में व्यापक और स्पष्ट दृश्य प्राप्त किया जा सकता है।

**यूसीसी–सुझाव बैठक**

समान नागरिक संहिता–यूसीसी को लेकर रायपुर के गुरु घासीदास ऑडिटोरियम में कल एक सितंबर को मुस्लिम समाज की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें बुद्धिजीवियों से यूसीसी के संबंध में सुझाव लिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज ने बताया कि प्राप्त सुझावों को राज्य स्तरीय यूसीसी समिति के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**उपमुख्यमंत्री–आदिवासी महासम्मेलन**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बेमेतरा में जिला स्तरीय आदिवासी महासम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान श्री साव ने गोंडवाना भवन के जीर्णोद्धार के लिए दस लाख रुपए तथा बेमेतरा में विभिन्न विकास कार्यों के लिए छह करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

**सेना भर्ती–रैली**

छत्तीसगढ़ के सभी तैंतीस जिलों के कॉमन एंट्रेंस एग्जाम–सीईई में सफल उम्मीदवारों के लिए सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। यह रैली मध्यप्रदेष के सागर स्थित इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज में होगी। सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक पदों के लिए उम्मीदवारों को बारह अक्टूबर और अग्निवीर महिला सेना पुलिस पद के लिए चौदह अक्टूबर को रिपोर्ट करना होगा। योग्य उम्मीदवारों के प्रवेष पत्र ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट और उनके ई–मेल पर भेजे जा चुके हैं।

**कृषि विश्वविद्यालय–काउंसलिंग**

इंदिरा गांधी कृषि विष्वविद्यालय में बी.एससी. कृषि ऑनर्स पाठ्यक्रम में प्रवेष के लिए स्पॉट काउंसलिंग आज से शुरू हो गई है। यह काउंसलिंग दो सितंबर तक कृषि महाविद्यालय, रायपुर में सुबह नौ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक होगी। चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज परीक्षण, महाविद्यालय आबंटन और ऑनलाइन फीस जमा करने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। विष्वविद्यालय ने संबंधित दिषा–निर्देष अपनी वेबसाइट पर जारी किए हैं।

**'रंग तरंग'**

प्रदेश की लोक संस्कृति, पारंपरिक संगीत और आधुनिक सुरों के अनूठे संगम को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कल एक सितंबर से रायपुर में 'रंग तरंग' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम प्रतिदिन शाम सात बजे से महंत घासीदास संग्रहालय परिसर, सिविल लाइंस में होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के पारंपरिक लोक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुतियों के साथ ही आधुनिक संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। यह कार्यक्रम तीन सितंबर तक चलेगा।

**दुर्घटना**

सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में रायगढ़ रोड स्थत कुशल नगर के पास आज  ट्रक ने पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि बारह से ज्यादा यात्री घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वाहन में पच्चीस से ज्यादा लोग सवार थे।

**नंदनवन–पुनर्विकसित**

रायपुर जिले के अटारी गांव में स्थित नंदनवन को पुनर्विकसित किया जाएगा। आज मंत्रालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों ने मुख्य सचिव के समक्ष नंदनवन पुनर्विकास की प्रस्तावित परियोजना का प्रस्तुतिकरण दिया। नंदनवन के विकास के लिए लगभग पचास करोड़ रूपए का निवेश अनुमानित है।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल...**

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेष के उत्तरी भाग के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान बलरामपुर और सूरजपुर और इससे लगे हुए जिले में अतिभारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर ओडिशा में एक निम्नदाब का क्षेत्र बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में मानसून की गतिविधियां सक्रिय बनी हुई है। उन्होंने बताया कि रायपुर सहित मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

इस बीच, पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से प्रदेश के नदी–नाले उफान पर है। आज भी राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की खबर है।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– छत्तीसगढ़ मानवाधिकार आयोग के संयुक्त सचिव मनीष कुमार ठाकुर को प्रतिनियुक्ति पर विधि और विधायी कार्य विभाग में प्रमुख सचिव के पद पर पदस्थ किया गया। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

और

– छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन के मामले में मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाली एक एजेंसी की दस लाख रूपए की परफॉर्मेंस सिक्योरिटी राजसात करते हुए उसे मंडल की कार्यरत एजेसिंयों की काली सूची में दर्ज किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>